दिन– रविवार दिनांक– 24/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. चुनाव आयोग आज से मतदाता सूची के सुधार में सहायता करने के लिए राजनीतिक दलों को भेजेगा नोटिस।

02. प्रदेश में फल्गु नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के कारण नालंदा, जहानाबाद और गया जिला के कई में क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न।

03. नालंदा जिले में हिलसा और एकंगरसराय में बारह गांवों में फैला बाढ़ का पानी। कई स्थानों पर तटबंध क्षतिग्रस्त।

04. और, मानसून की सक्रियता से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज पटना, नवादा, जमुई, भोजपुर और बक्सर जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जतायी।

---

मतदाता सूची में सुधार में मदद के लिए बारह मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग आज से नोटिस भेजेगा। इसमें छह राष्ट्रीय दल और छह राज्य स्तरीय दल शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को. नोटिस जारी करने की जिम्मेदारी दी है। निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के अनुसार उच्चतम न्यायालय ने ड्राफ्ट मतदाता सूची में छूटे नामों के सुधार को लेकर निर्देश दिए हैं। अयोग के अनुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों ने लगभग एक लाख साठ हजार बीएलए नियुक्त किए हैं।

---

राज्य में मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने के लिए दो लाख तिरासी हजार से अधिक लोगों ने फॉर्म–सिक्स के साथ घोषणा पत्र भरा है। भारत निर्वाचन आयोग के सहायक निदेशक अपूर्व कुमार सिंह ने बताया कि मतदाता सूची में नाम, पता में सुधार के लिए निन्यानवे हजार छह सौ छप्पन लोगों ने फॉर्म–एट जमा किया है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत प्रकाशित मतदाता सूची के ड्राफ्ट पर एक सितंबर तक दावा–आपत्ति लिया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि कल तक राज्य पार्टी में शामिल भाकपा माले ने नौ दावा–आपत्ति दर्ज कराई है। शेष छह राष्ट्रीय पार्टियों और पांच राज्य पार्टियों के द्वारा कोई दावा–आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है। सहायक निदेशक ने कहा कि अब तक दावा आपत्ति के सात हजार तीन सौ सड़सठ आवेदन का निष्पादन किया गया है। एसआईआर आदेशों के अनुसार प्रारूप

सूची से किसी भी व्यक्ति का नाम हटाने के लिए ईआरओ और एईआरओ द्वारा जांच–पड़ताल की जाएगी। संबंधित मतदाता को नोटिस जारी कर उसका पक्ष सुनने के बाद ही कोई कार्रवाई होगी। जिनका नाम प्रारूप सूची नहीं है, ऐसे व्यक्ति आधार कार्ड के माध्यम से अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।

———————————————————————————

देश भर के दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों के उत्पादों और शिल्प कौशल को प्रदर्शित करने के लिए कल से पटना के गांधी मैदान में दिव्य कला मेला की शुरुआत हुई। यह 31 अगस्त तक चलेगा। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने छब्बीसवें दिव्य कला मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बिहार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी और सांसद रविशंकर प्रसाद भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम मे बीस राज्यों से हस्तशिल्प, हथकरघा, कढ़ाई सहित देश के विभिन्न हिस्सों से उत्पादों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त सचिव राजीव शर्मा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि अब तक आयोजित पच्चीस दिव्य कला मेला से इन विशेष श्रेणी के शिल्पकारों का काफी सशक्तिकरण हुआ है।

———बाइट———

इधर, कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि एनडीएफडीसी के माध्यम से ऋण देकर दिव्यांगों को स्वावलंबी बनाना आवश्यक है।

———————————————————————————

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने 'नमस्ते योजना' की शुरूआत करते हुये कहा कि यह योजना समाज के सबसे मेहनतकश लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने का एक संकल्प है। राजधानी पटना के एसके मेमोरियल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अब तक देश भर में लगभग नब्बे हजार सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों की प्रोफाइलिंग की जा चुकी है। इनमें से पैंतालीस हजार आठ सौ इकहत्तर को पीपीई किट, तीन सौ चौवन को सुरक्षा उपकरण, और लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। पटना में कुल छह सौ चार सेप्टिक टैंक श्रमिकों और बिहार में कुल तीन हजार पांच सौ उनतीस सीवर सेप्टिक टैंक कर्मियों की प्रोफाइलिंग की जा चुकी है, जिन्हें कार्यक्रम के दौरान पीपीई किट और आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए।

———————————————————————————

प्रदेश में पौधा संरक्षण परामर्श योजना के तहत हर प्रखंड की तीन पंचायतों में पौधा संरक्षण पाठशाला लगायी जायेगी। इस पाठशाला में किसानों को कीट–पतंगों से फसलों को बचाने की जानकारी दी जायेगी। इसका उद्देश्य समेकित कीट प्रबंधन आधारित विधाओं और अवयवों का किसानों के हित में उपयोग सुनिश्चित करना है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि कीट–व्याधि प्रबंधन के लिए जैविक घटकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे फसलों में क्षति को कम किया जा सकेगा। पौधा संरक्षण पाठशाला में पच्चीस किसानों को समेकित कीट प्रबंधन कार्यक्रम अन्तर्गत प्रत्यक्षण सह प्रशिक्षण दिया जाएगा।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने बाढ़ प्रभावित चौदह जिलों के चौंसठ प्रखंडों की पांच सौ सतहत्तर पंचायतों के किसानों को फसल क्षति का अनुदान देने का निर्णय लिया है। यह अनुदान तैंतीस फीसदी से अधिक फसलों के नुकसान पर दिया जायेगा। कृषि विभाग ने इसके लिए सभी पंजीकृत रैयत और गैर–रैयत किसानों से आवेदन मांगे हैं। ये किसान नालंदा, भागलपुर, खगड़िया, कटिहार, बेगूसराय, लखीसराय, पटना, भोजपुर, वैशाली, मुंगेर, सारण, समस्तीपुर, मधेपुरा और शेखपुरा के हैं। किसानों को अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन कृषि विभाग की वेबसाइट पर करना होगा। बाढ़ के अलावा ओलावृष्टि और आंधी तूफान से प्रभावित फसलों पर भी फसल क्षति अनुदान दिया जाएगा।

———————————————————————————

देश की पहली सेमी हाई स्पीड वंदे भारत स्लीपर ट्रेन दिल्ली से पटना के बीच चलाई जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस ट्रेन को उन्नत सुविधाओं के साथ प्रीमियम कैटरिंग और अधिकतम एक सौ साठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के लिए डिजाइन किया गया है। वंदे भारत का किराया राजधानी एक्सप्रेस से दस से पन्द्रह फीसदी अधिक हो सकता है। इस ट्रेन में डायनमिक फेयर लागू होगा।

———————————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, पटना, नवादा, जमुई, भोजपुर और बक्सर जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर के रघुनाथपुर में सबसे अधिक बानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

———————————————————————

प्रदेश में फल्गु नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के कारण नालंदा, जहानाबाद और गया जिला के कई में क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। फल्गु में झारखंड से बड़े पैमाने पर पानी छोड़े जाने के बाद जल संसाधन विभाग ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। नालंदा, जहानाबाद और गया जी में काफी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर जमींदारी बांध को नुकसान पहुंचा है। नौ स्थानों पर तटबंध क्षतिग्रस्त होने की खबर है। इधर, नालंदा जिले से गुजरने वाली लोकाइन नदी में उफान के कारण हिलसा और एकंगरसराय के बारह गांवों के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। साथ ही कई स्थानों पर तटबंध क्षतिग्रस्त भी हो गये हैं। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

झारखंड में भारी बारिश के कारण लोकायन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है. इस साल यह तीसरी बार उफनायी है. जहानाबाद के उदेरा बराज से एक लाख 14 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद जिले के एकंगसराय और हिलसा प्रखंड की स्थिति गंभीर हो गई है. वहीं, हिलसा प्रखंड के धुरी बीघा गांव में तटबंध टूटने से सैकड़ों बीघा कृषि भूमि जलमग्न हो गई. केशोपुर मिल्की के पास तटबंध में दरार पड़ने से खतरा और बढ़ गया है. एकंगसराय प्रखंड के केला बीघा गांव में नदी किनारे स्थित एक घर बह गया है. मिल्कीपुर के पास बिहार—जहानाबाद मुख्य मार्ग पर लोकायन का पानी चढ़ जाने से आवागमन ठप हो गया है. प्रभावित क्षेत्रों में सूखा राशन का वितरण किया जा रहा है. नालंदा से आकाशवाणी समाचार के लिए निरंजन कुमार।

वहीं, शिवहर जिले में बागमती और लालबकेया नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण जलस्तर में वृद्धि हो रही है। सिसे डुब्बा धार में जलस्तर बढ़कर खतरा के निशान के आस—पास पहुंच गया है।

———————————————————————

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय आज दोपहर बाद सशस्त्र सीमा बल के सीमांत मुख्यालय, पटना के अंतर्गत आने वाले नो बॉर्डर आउट पोस्ट के नव—निर्मित भवनों का उद्घाटन करेंगे।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने जमुई के तत्कालीन वन क्षेत्रीय पदाधिकारी राजेश कुमार पर प्राथमिकी दर्ज की है। पदाधिकारी पर वित्तीय अनियमितता कर सरकारी राशि के गबन का आरोप है। ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लन ने बताया कि पौधे लगाने के नाम पर विभिन्न नर्सरी संचालकों, संवेदकों और सप्लायर्स के साथ मिल कर सरकारी राशि का बंदरबांट किया। इस मामले में नौ लोगों को नामजद

अभियुक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में कई अज्ञात संवेदक, वेंडर्स और सप्लायर्स भी आरोपित हैं।

———————————————————————————

खगड़िया जिले के उत्पाद अदालत ने तीन शराब कारोबारी को सात–सात वर्ष सश्रम कारावास के साथ एक–एक लाख रूपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

शिवहर के जिला परिषद अध्यक्ष विजय कुमार सिंह को पूर्वी चंपारण जिले के ढाका थाना क्षेत्र के एक मछली व्यवसाय के हत्याकांड मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

प्रदेश में होने वाली मेन्स हॉकी हीरो एशिया कप की ट्रॉफी गौरव यात्रा आज अररिया पहुंचेगी। इस क्रम में अररिया जिला अंतर्गत खेल भवन सह–व्यायामशाला, अररिया में गाड़ी भ्रमण यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के नगर थाना क्षेत्र के तकिया मोहल्ले में पुलिस और शिक्षक के अपहरणकर्ताओं के बीच मुठभेड़ में पुलिस ने सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अपहृत शिक्षक दिलीप कुमार को सकुशल बरामद कर लिया है।

———————————————————————————

खगड़िया जिले में पुलिस ने अठारह वर्ष से कम आयु के बच्चों के द्वारा ई रिक्शा चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने इस संबंध में सभी थानाध्यक्षों को पत्र भेजकर सख्ती से अनुपालन का निर्देश दिया है।

———————————————————————————

पटना जिले के आलमगंज थाना के गायघाट के पास मद्य निषेध विभाग ने एक कार से दो सौ अठारह लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के नौरंगिया थाना क्षेत्र के मदनपुर मोड़ पर वाहन जांच के दौरान एक व्यक्ति से उन्नीस हजार रुपये की अवैध वसूली में पुलिस कर्मी विकेश को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले के अंबा थाना क्षेत्र के परता गांव से पुलिस और एसएसबी की टीम ने एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पर सड़क निर्माण वाहनों को जलाने और अपहरण जैसे गंभीर मामलों में शामिल रहने का आरोप है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने अनाजों में आर्सेनिक की मात्रा अधिक मिलने पर लिखा है– चावल कई बार धोने से घटेगा आर्सेनिक का असर। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम बंगाल के भू–जल में सबसे ज्यादा मिला है आर्सेनिक।

दैनिक भास्कर ने पटना के फतुहा में हुई भीषण सड़क दुर्घटना पर शीर्षक दिया है– आठ महिलाओं की मौत, बत्तीस बच्चों ने खोई मां।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– आगरा में नकली दवा का सिंडिकेट पकड़ाया। एक करोड़ रूपये के साथ दवा कारोबारी गिरफ्तार।

प्रभात खबर लिखता है– जमीन, फ्लैट के नाम पर लाखों ठगे। निजी कम्पनी के दो कर्मियों पर एक करोड़ रूपये के गबन की प्राथमिकी।

आज अखबार की सुर्खी है– कटिहार में राहुल का केन्द्र पर हमला, कहा– दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के अधिकारों का हो रहा हनन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. चुनाव आयोग आज से मतदाता सूची के सुधार में सहायता करने के लिए राजनीतिक दलों को भेजेगा नोटिस।

02. प्रदेश में फल्गु नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के कारण नालंदा, जहानाबाद और गया जिला के कई में क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न।

03. नालंदा जिले में हिलसा और एकंगरसराय में बारह गांवों में फैला बाढ़ का पानी। कई स्थानों पर तटबंध क्षतिग्रस्त।

04. और, मानसून की सक्रियता से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज पटना, नवादा, जमुई, भोजपुर और बक्सर जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जतायी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।